हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 18 जून 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


गंगा दशहरा के अवसर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ 4





KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी. फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

ए.के. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट
BMLT DMLT D.Pharma BPT
OT Technician X-Ray Technician
पुराना नर्सिंग कॉलेज, नमनाकला, अम्बिकापुर (छ.ग.)
7772963125, 9039511123

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183


### गैस सिलेण्डर ब्लास्ट होने से आग हुई विकराल

# आग लगने से कुदरगढ़ धाम की 10 दुकानें जलकर हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बीती रात कुदरगढ़ धाम स्थित मेला परिसर में आग लगने से 10 दुकानें जलकर खाक हो गई। आग कैसे लगी अभी तक इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।

**खास बात**

- फायर बिग्रेड ने पाया काबू, 5 लाख से अधिक की क्षति

व्यवसायी आग से 5 लाख से अधिक की सामग्री जलने की बात कह रहे हैं। कुदरगढ़ धाम में माता वागेश्वरी देवी का दर्शन पूजन करने सालो भर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचती है। पहाड़ी के पास मेला परिसर में पिछले 25 सालों से लगभग 150 दुकानें संचालित हैं। सभी दुकानें तिरपाल एवं पन्नी की छाया में संचालित हो रही हैं। व्यवसायी इन्हीं अस्थाई दुकानों में परिवार सहित रहकर अपने व्यवसाय का संचालन कर रहे हैं। रविवार की मध्य रात्रि सेमल पेड़ के नीचे संचालित खिलौने एवं पूजा सामग्रियों की दुकानों में अचानक आग धधकने लगी। पास की दुकानों से आग की ऊंची लपटें उठती देख आसपास के व्यवसायी परिवार सहित सुरक्षित स्थान पर भागकर अपनी जान बचाई। मेला परिसर स्थित पुलिस चौकी के जवानों ने अपनी जान की परवाह किए बिना आग बुझाने की जी तोड़ कोशिश की तथा तत्काल घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम ने तत्काल एसईसीएल प्रबंधन को फायर बिग्रेड उपलब्ध कराने की सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रबंधन ने तत्काल फायर बिग्रेड को रवाना कर दिया। इधर पुलिस चौकी के जवान एवं व्यवसायी पानी से आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे अचानक मनिहारी दुकान में रखा गैस सिलेण्डर तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हुआ एवं देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। गनीमत थी कि जिन दुकानों से आग धधकी उनमें परिवार का कोई सदस्य उपस्थित नहीं था। चार व्यवसाई परिवार सहित अपने घर चले गए थे। इस दौरान दुकानों में किसी के मौजूद होने पर बड़ा हादसा हो सकता था। डेढ़ घंटे बाद फायर बिग्रेड की टीम पहुंची तो पानी की बौछारें कर रात्रि 3.30 बजे आग बुझाने में सफलता मिली। अधिकांश दुकानों में प्लास्टिक के खिलौने, मनिहारी के समान व पूजा सामग्री होने के कारण आग बुझाने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। आग से व्यवसायी परिवारों के खाने-पीने के सामान, कपड़े सहित सारी सामग्री जलकर खाक हो गई है। प्रभावित व्यवसाई 5 लाख से अधिक सामग्री जलने की बात कह रहे हैं। जिला प्रशासन ने व्यवसाइयों को उचित मुआवजा भुगतान करने का आश्वासन दिया है वहीं ट्रस्ट ने व्यवसाइयों के रहने व भोजन की व्यवस्था की है।



धू_धूकर जलती कुदरगढ़ धाम की अस्थाई दुकानें।

### व्यावसायियों से मिली कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी

मेला परिसर की 10 दुकानों में आग लगने की सूचना पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े पहुंची एवं व्यवसाइयों से मिलकर क्षति का जायजा लिया। उन्होंने व्यवसाइयों को शीघ्र मुआवजा भुगतान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसडीओपी राजेश जोशी व तहसीलदार शालीग्राम गुप्ता, प्रदीप द्ववेदी, आशीष प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे। पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने भी व्यवसाइयों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बच्चों के सारे कपड़े जलने की सूचना पर तत्काल बच्चों को कपड़ा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष शिवबालक यादव, नपं अध्यक्ष सूरज गुप्ता, राजेन्द्र यादव, दानी पाण्डेय, सोनू पाण्डेय, बैगा राम कुमार उपस्थित थे।



## राजस्थान से मुक्त कराए गए बंधक मजदूर, लौटे वापस घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजस्थान में बंधक बनाए गए मैनपाट के युवकों को वापस लाने में सफलता मिली है। ययवकों से जबरन बंधक बनाकर काम कराया जा रहा था। शिकायत के बाद प्रशासनिक टीम द्वारा युवकों को छुड़ाया गया और उन्हें वापस अपने गृह ग्राम लाया गया।

- कैबिनेट मंत्री ने की मुक्त कराए गए नाबालिगों से बातचीत, झांसा देकर ले जाने वालों पर होगी कार्रवाई

बंधक के चंगुल से छूटकर आए मजदूरों से प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने भी मिलकर उनका हाल चाल जाना। बताया जा रहा है कि मैनपाट विकासखंड के ग्राम मालतीपुर गांव से चार नाबालिग युवकों को ग्राम चिरगा निवासी फिलिम ज्यादा पैसा कमाने का लालच देकर अपने साथ राजस्थान लेकर गया था। नाबालिगों से राजस्थान के सवाई माधोपुर क्षेत्र में काम कराया जा रहा था लेकिन उन्हें काम के बदले कम वेतन दिया जा रहा था। कम वेतन मिलने पर जब मजदूरों ने घर लौटने की बात की तो मालिक उन्हें वापस नहीं आने दे रहा था और जबरन बंधक बनाकर उनसे काम करवा रहा था। इस दौरान युवकों ने परिजन से संपर्क कर घर वापस लौटने की इच्छा जाहिर करते हुए मदद की गुहार लगाई थी जिसके बाद परिजन ने घटना की जानकारी पुलिस व प्रशासन को दी। सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन व पुलिस टीम द्वारा राजस्थान में अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें बंधकों से मुक्त कराया गया और आज वे अपने गृह ग्राम लौट गए। सोमवार को बंधकों के वापस लौटने पर सर्किट हाउस में कलेक्टर के एसपी योगेश पटेल ने नाबालिग मजदूरों से बात चीत कर घटना की जानकारी ली। वहीं सरगुजा प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने भी छुड़ाए गए बंधकों से बातचीत की व उनका हालचाल जाना। वहीं मंत्री श्री नेताम ने कलेक्टर, एसपी को इस तरह के मामलों पर नजर रखने के निर्देश दिए। इसके बाद मजदूरों को वापस उनके गृह ग्राम अधिकारियों की निगरानी में रवाना किया गया।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर व एसपी योगेश पटेल ने पुलिस व प्रशासन की टीम को एक साथ अलर्ट होकर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए जो लोगों को अच्छी मजदूरी मिलने का झांसा देकर दूसरे राज्यों में लेकर जा रहे है।

## आंधी से दुकानों के उड़े छज्जे, पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में तेज आंधी तूफान के साथ में लगातार 2 घंटा के बारिश से पूरी तरह जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। पहली बार लोगों ने तेज आंधी तूफान देखकर अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर दिया।

नगर के राजघराना मोबाइल शोरूम के एसीपी बोर्ड और छज्जे दीवार हवा में ध्वस्त हो गए। बस स्टैंड के धर्मेंद्र पान दुकान के ऊपर पेड़ गिर जाने के कारण पान गुमटी क्षतिग्रस्त हो गई। नगर के प्रतापपुर-अंबिकापुर, खोरमा बनारस रोड, प्रतापपुर से बलरामपुर रामानुजगंज रोड पर बड़े पेड़ गिर जाने से आवागमन बाधित रही और कई घंटे बाद भी सुचारू नहीं हो सकी। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के घर, मकान तेज आंधी तूफान क्षतिग्रस्त हो गए। भैंस मुंडा, केवरा, घाट पेंडारी, सरहरी, खजूरी, बैकोना, रामगावा ,शिवपुर, खुरमा, आमंदोन सहित कई ग्राम पंचायत में लोगों के घरों पर पेड़ पौधे गिरे तो कहीं कही बिजली के खंभा गिरने से घर को नुकसान हुआ है। तेज आंधी तूफान के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया, वही यातायात प्रभावित हुआ है। आंधी तूफान के कारण नगर के व्यवसायी का सामान सड़क पर उड़ गए। इस आंधी तूफान के वजह से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। फिलहाल पटवारी के माध्यम से नुकसान हुए लोगों का भरपाई के लिए लोगों के शिकायत के आधार पर मुआवजा प्राप्त होगी।

इस संबंध में एसडीएम ललिता भगत ने बताया कि जहां-जहां नुकसान हुई है शिकायत के आधार पर क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन प्राप्त के हिसाब से मुआवजा तत्काल बनाई जाएगी तथा मौके पर आर आई पटवारी को भेज कर मुआवजा हेतु प्रकरण बनाई जाएगी।



### बांक नदी तट पर की गई गंगा आरती ...





**अम्बिकापुर।** गंगा दशहरा के अवसर पर शहर के शंकरघाट स्थित बांक नदी के तट पर गंगा आरती की गई। गंगा दशहरा को लेकर शंकरघाट सेवा समिति द्वारा वृहद पैमाने पर तैयारियां की गई थी। रविवार को गंगा दशहरा पर सुबह से भंडारा चलता रहा जबकि शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया वहीं सूर्यास्त के बाद बनारस से पहुंचे पंडित ऋषि महाराज के मां गंगा आरती समूह द्वारा बांक नदी के तहत पर गंगा आरती की गई। गंगा आरती में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शंकरघाट पहुंचे थे। गंगा दशहरा के कार्यक्रम में सरगुजा के सांसद चिंतामणी शामिल हुए। वहीं इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, भारत सिंह सिसोदिया, काशीनाथ तिवारी, आकाश गुप्ता, विकास वर्मा रिंकू, गौतम विश्वकर्मा, आशा शुक्ला, स्वेता गुप्ता, अनामिका पैंकरा, आयोजन समिति से राधे कुशवाहा, रज्जू महराज, संजीव सेठ, विनीत गुप्ता, अजीत पांडेय, निलेश तिवारी, ब्रजेश पांडेय, अमित ठाकुर, सुखलाल कुशवाहा, साक्षी सिंह, सौम्या राजवाड़े, बच्चू नारायण पाण्डेय, अवधेश पांडेय, जगदीश यादव, पुनीत राम, सच्चिदानंद, शशि भूषण सिंह, बंशीधर ठाकुर, संजय एक्का आदि मौजूद थे।

## 50 नग नशीले इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत नशीला इंजेक्शन की तस्करी करने वाले युवक को पकड़ा गया है। आरोपी ने पास से 24 हजार रुपए की प्रतिबंधित नशीली द्वारा बरामद की गई है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 जून की शाम टाउन पेट्रोलिंग के दौरान गांधीनगर पुलिस को देखकर पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 4132 का चालक तेजी से भागने लगा। संदेहास्पद ढंग से भाग रहे युवक को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली तो उसके पास रखे झोले में 50 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान युवक की पहचान मूलतः बलरामपुर के रामानुजगंज व हाल मुकाम मिशन चौक निवासी 18 वर्षीय निक्कू उर्फ भार्गव जायसवाल के रूप में की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने प्रतिबंधित नशीली दवाओं की तस्करी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 24 हजार रुपए की नशीली दवा को बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, आरक्षक अतुल सिंह, मनीष सिंह, उमाशंकर साहू, बृजेश राय, ऋषभ सिंह शामिल रहे।

- पुलिस को देखकर भाग रहा था युवक, घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी



### खबर संक्षेप



### ग्रामीणों ने की अधिकारियों की पिटाई, अपराध दर्ज

**सूरजपुर।** ग्राम समौली में राजस्व निरीक्षक और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के साथ ग्रामीणों ने जमकर मारपीट की। राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान तहसील कार्यालय में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ लक्ष्मी प्रसाद खलखो आ. मिलियनुस खलखो शनिवार को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सेवाराम खेडे द्वारा क्रय की गई भूमि का मौका जांच हेतु ग्राम समौली पटना रोड मौके पर जाकर आवेदक की भूमि का राजस्व रिकार्ड के अनुसार मौका का मिलान कर रहा था। इसी दौरान ग्राम समौली निवासी चित्रगुप्त नायक, चन्द्रगुप्त नायक एवं उनके दो लड़के द्वारा विवाद करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट से राजस्व निरीक्षक व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी घायल हो गए। शासकीय काम में बाधा उत्पन्न करने पर राजस्व निरीक्षक ने घटना की रिपोर्ट भैयाथान थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 186, 294, 323,332, 506, 353, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### नवपदस्थ एसपी ने की पत्रकारों से बातचीत, नवीन कानून को लेकर दी जानकारी

# आपराधिक तत्वों में डर व आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास उत्पन्न करना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले के नवपदस्थ एसपी योगेश पटेल ने कहा कि सरगुजा जिले में कानून का पालन कड़ाई से कराया जाएगा। आपराधिक तत्वों में पुलिस का डर एवं आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास उत्पन्न करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को भी अनुशासन में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए है।

2018 बैच के नव पदस्थ एसपी श्री पटेल पदभार ग्रहण करने के बाद सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं पर त्वरित विधिसंगत कार्रवाई करने का स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है और अधिकारी-कर्मचारियों की किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर में यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है और आने वाले दिनों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को मजबूत कर जिले में सख्त पुलिसंग की व्यवस्था बनाई जाएगी। एसपी ने शहर के रिंग रोड पर खड़े वाहनों को जिला प्रशासन व नगर निगम के साथ मिलकर ट्रांसपोर्ट नगर में शिफ्ट करने की व्यवस्था बनाए जाने की बात कही। वहीं शहर में अघोषित पार्किंग पर भी एसपी ने सख्त कार्रवाई करने व यातायात की उचित व्यवस्था बनाकर खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वालों पर सख्त से कार्रवाई के लिए अभियान चलाने के निर्देश एसपी ने अधिकारियों को दिए। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, नगर पुलिस अधीक्षक रोहित कुमार शाह मौजूद थे।




पत्रकारों से चर्चा करते पुलिस अधीक्षक।

### 1 जुलाई से होगा नवीन कानून लागू

एसपी श्री पटेल ने कहा कि 1 जुलाई से नवीन कानूनों का क्रियान्वयन जिले में शुरू हो जाएगा। नवीन कानूनों के क्रियान्वयन से आम नागरिकों कों प्राप्त होने वाले लाभ की जानकारी देने प्रचार अभियान चलाने की बात कही गई। इस दौरान सहायक अभियोजन अधिकारी राजेश सिंह ने नवीन कानून को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि नवीन कानून के तहत ई-एफआईआर भी दर्ज किए जाएंगे। ई एफआईआर के तहत पोर्टल में प्राप्त ऑनलाइन शिकायत मिलने के पश्चात प्रार्थी द्वारा उक्त शिकायत का प्रमाणीकरण कराया जाएगा और शिकायतकर्ता का हस्ताक्षर करने के बाद 3 दिनों के भीतर उक्त मामले मे अपराध पंजीबद्ध कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवीन कानून को लागू करने का उद्देश्य भारतीय कानून कों दंड व्यवस्था के पुराने प्रचलित कानून की ओर से न्याय व्यवस्था की ओर ले जाना है। आतंकवाद, मॉब लिंचिंग सहित संगठित अपराध की स्पष्ट व्याख्या हेतु से नये कानून आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों के लिए और सख्त है जबकि नवीन कानून आमनागरिकों कों न्याय की ओर ले जाने वाला कानून है।


RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION R1
BCA BBA B.COM
MSC MSW PGDCA
B.ED M.ED D.ED
B.SC (CS / MATHS / BIOTECH)
ACHIEVE YOUR FUTURE WITH US
90161 13333

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## छप्परफाड़ कमाई को तैयार है रेनॉल्ड की डेडपूल एंड वूल्वरिन



ह्यू जैकमैन और रयान रेनॉल्ड अभिनीत फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन लंबे समय से चर्चा में है। इस फिल्म का इंतजार दुनियाभर के दर्शकों को है। इस बीच फिल्म को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रिलीज के बाद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक डिज्नी/ मार्वल स्टूडियोज की यह फिल्म पहले सप्ताहांत में 20 करोड़ डॉलर से 23.9 करोड़ डॉलर तक के बीच कमाई कर सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की कमाई का यह अनुमान द कोरम ने लगाया है जो छह सप्ताह पहले से ही फिल्म की ट्रैकिंग शुरू कर देता है। द कोरम के यह आंकड़े वाकई हैरान कर देने वाले हैं, क्योंकि कोई भी आर-रेटेड फिल्म ने अब तक पहले वीकएंड में 20 करोड़ डॉलर की कमाई नहीं की है। सबसे ज्यादा कमाई करने वाली आर-रेटेड फिल्म डेडपूल है। यह फिल्म साल 2016 में फरवरी के महीने में रिलीज हुई थी। इसने पहले सप्ताहांत में 13.24 करोड़ डॉलर की कमाई की थी। अगर फिल्म इन आंकड़ों के मुताबिक कमाई करती है तो यह सबसे तगड़ी ओपनिंग करने वाली शीर्ष पांच फिल्मों में आसानी से शामिल हो जाएगी। इस सूची में पहले नंबर पर एवेंजर्स एंडगेम है।इस लिस्ट में फिलहाल एंडगेम (35.7 करोड़ डॉलर) के अलावा स्पाइडर-मैनः नो वे होम (26 करोड़ डॉलर), एवेंजर्सः इनफिनिटी वॉर (25.7 करोड़ डॉलर), स्टार वार्सः द फोर्स अवेकेंस (24.7 करोड़) और स्टार वार्सः द लास्ट जेडी (22 करोड़) जैसी फिल्में शामिल हैं। डेडपूल एंड वूल्वरिन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन शॉन लेवी ने किया है।

### टॉलीवुड

## भारत का सबसे बड़ा गाना घोषित हुआ 'भैरव एंथम'



प्रभास इस महीने अपनी बहुप्रतीक्षित डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के साथ बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार हैं। फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। निर्माताओं ने महीने की शुरुआत में दिलजीत दोसांझ और प्रभास को प्रदर्शित करने वाली फिल्म के पहले सिंगल की घोषणा की थी। अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के पहले गाने 'भैरव एंथम' का प्रोमो जारी कर दिया गया है। फिल्म की टीम ने इसे भारत का सबसे बड़ा गाना करार दिया है। 'कल्कि 2898 एडी' की रिलीज में सिर्फ एक हफ्ता बचा है और फिल्म की टीम ने रविवार को फिल्म का पहला गाना 'भैरव एंथम' रिलीज किया है। इसी बीच निर्माताओं ने 21 सेकेंड लंबा एक प्रोमो जारी किया, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया। यह जोशीला नंबर टीम कल्कि की ओर से अब तक सामने आई सभी प्रचार सामग्री के साथ मेल खाता है। दिलजीत ने संतोष नारायणन द्वारा रचित एक पंजाबी प्रमोशनल नंबर के लिए गाना गाया, जिसमें वह और प्रभास साथ में स्क्रीन साझा करते नजर आ रहे हैं। सामान्य मार्ग पर जाने के बजाय, नाग दर्शकों को फिल्म के लिए बनाई गई दुनिया से परिचित करा रहे हैं। प्रभास के चरित्र भैरव और अमिताभ बच्चन के चरित्र अश्वत्थामा को पेश करने के अलावा, उन्होंने बुज्जी नामक एक एआई ड्रॉइड भी पेश किया है, जिसे तेलुगु में कीर्ति सुरेश ने आवाज दी है। 'कल्कि 2898 एडी' की टीम ने आनंद महिंद्रा और सिएट की मदद से फिल्म के लिए बनाए गए कस्टम-निर्मित वाहन को दिखाने के लिए हैदराबाद में एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया। प्रभास ने एक कार्यक्रम में गाड़ी चलाई, जिसमें प्रेस और प्रशंसक उपस्थित थे। बाद में, नागा चैतन्य और F1 रेसर नारायण कार्तिकेयन ने भी वाहन चलाकर दर्शकों का दिल जीता।

### भोजपुरी

## नम्रता का वीडियो हुआ जमकर वायरल, उड़ा दिए सबके होश



भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने भोजपुरी गाने पर कमाल का डांस किया है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें वो अपने लटके-झटके दिखा रही हैं। भोजपुरी एक्ट्रेसेस अपने डांस वीडियो से हर किसी का दिल बहलाती रहती हैं। खासकर नम्रता मल्ला के वीडियो सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें एक भोजपुरी गाने पर उन्होंने कमाल का डांस किया और उनका ये डांस फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। नम्रता मल्ला के लटके-झटकों को देखकर फैंस दीवाने हो रहे हैं। इंटरनेट पर भोजपुरी गाने हमेशा गर्दा उड़ाते हैं लेकिन जब कोई भोजपुरी एक्ट्रेस उसपर परफॉर्म करते हुए वीडियो शेयर करती हैं तो उसकी बात ही अलग हो जाती है। नम्रता मल्ला की नई रील सामने आई है जिसे खूब तारीफें मिल रही हैं। नम्रता मल्ला ने ये वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। नम्रता ने जिस गाने पर डांस किया है उसका नाम 'पिंजरे वाली मुनिया' है। वीडियो तैयार करने वाली टीम का दावा है कि इस गाने में नम्रता के लटके-झटके देखकर दर्शकों का एक वर्ग अपना होश खो देगा। ब्लैक आउटफिट में एक्ट्रेस काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में नम्रता मल्ला वीडियो के लिए काफी पॉपुलर हैं।

## शगुन की हरियाली

उत्तरी अमेरिका फैशन वीक (एनएएफडब्ल्यू) में डिजाइनर शगुन अग्रवाल का कलेक्शन तारीफ के काबिल रहा है। यहां शगुन ने अपनी मॉडल को हरियाली के संदेश के साथ रैम्प पर उतारा। एनएएफडब्ल्यू एक प्रेरणादायक और बहुचर्चित फैशन शो है, जो व्यापार शो, मीडिया कार्यक्रमों, सनसनीखेज पैनल चर्चाओं, शैक्षिक सेमिनारों और कार्यशालाओं से भरपूर रहता है। ऐसे मंच पर शगुन अग्रवाल का कलेक्शन दर्शकों को खूब पसंद आया।

लाइफ स्टाइल



# बैक ब्लाउज के ट्रेंडी डिजाइंस आपको देंगे स्टाइलिश लुक

वैसे तो आपको साड़ी के कई डिजाइंस ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन मार्केट तक में मिल जाएंगे, लेकिन साड़ी कितनी भी सुंदर क्यों न हो लुक को खास बनाने के लिए ब्लाउज के डिजाइन का बेहतरीन होना जरूरी होता है। इसलिए कहा जाता है कि ब्लाउज के डिजाइन पर भी ध्यान देना चाहिए। ब्लाउज के लिए फ्रंट के साथ-साथ बैक दोनों डिजाइन ही मायने रखते हैं।

अगर आप साड़ी के साथ पहनने वाले ब्लाउज के लिए आज के जमाने का डिजाइन बनवाना चाहती हैं तो आज हम आपके लिए कुछ बेहद ही खूबसूरत बैक ब्लाउज के डिजाइन लेकर आए हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### स्ट्रैप बैक डिजाइन ब्लाउज

आजकल मॉडर्न और बोल्ड लुक पाने के लिए आपको मार्केट में कई स्ट्रैप वाले ब्लाउज डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे। बता दें कि



अगर आप इस तरह का ब्लाउज सिल्वा रही हैं तो फैब्रिक के लिए हैवी वर्क वाले डिजाइन को चुन सकती हैं। इसके अलावा आप गोटा-पट्टी लेस की मदद लेकर भी स्ट्रैप बनवा सकती हैं।

### डोरी बैक डिजाइन ब्लाउज

बड़े गले पहनना पसंद करती हैं तो सपोर्ट के लिए डोरियों का इस्तेमाल ब्लाउज पर किया जाता है, लेकिन इसके बाद अब ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के लिए डोरी का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं ब्लाउज को आकर्षक बनाने के लिए आप डोरियों में हैवी लटकन का इस्तेमाल कर सकती हैं।

चूड़ी स्टाइल बैक डिजाइन - सबसे अलग डिजाइन का ब्लाउज पहनना चाहती हैं तो इस तरह से चूड़ी की मदद लेकर भी ब्लाउज का बैक डिजाइन बनवा सकती हैं। आप चाहे तो चूड़ी की जगह पर कपड़े की मदद लेकर लूप्स भी बनवा सकती हैं। इसके अलावा आप अपनी मर्जी के बैक डिजाइन ब्लाउज का शेप चुन सकती हैं।

### वी-नेक बैक डिजाइन ब्लाउज

इस तरह का डिजाइन खासकर चौड़े कंधे वालों पर खूबसूरत नजर आता है। वहीं इस तरह के ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए आप किनारी लेस लगवा सकती हैं। इसके अलावा चाहे तो बीड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह का डिजाइन आपके लुक को बोल्ड बनाने में मदद करेगा।

## ईद पर दिखाना है अलग अंदाज तो इन अभिनेताओं के लुक से लें टिप्स



फैशन

हर साल ईद उल फितर के बाद ईद उल अजहा का त्योहार आता है। ईद उल फितर की तरह ही इस ईद की भी अलग अहमियत है। ईद उल अजहा इस साल बकरीद ईद 17 जून को मनाई जा रही है। इस दिन लोग खुशियां बांटते हुए मनाते हैं।

इस त्योहार पर नए कपड़े पहनने का रिवाज है। लड़कियां तो इसकी तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देती हैं। लेकिन लड़के अपनी व्यस्तताओं के चलते वक्त से पहले ड्रेसिंग सेंस पर ध्यान नहीं दे पाते। अगर आप भी इस बार ईद के दिन अपना स्टाइलिश अंदाज दिखाना चाहते हैं, तो कुछ अभिनेताओं के लुक्स देख सकते हैं, जिनसे टिप्स लेकर आप ईद के दिन तैयार हो सकते हैं।



### करण सिंह ग्रोवर

टीवी की दुनिया से लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाने वाले करण सिंह ग्रोवर का हर अंदाज लोगों को काफी पसंद आता है। अगर आप ईद के दिन एथनिक पहनने का सोच रहे हैं तो करण के इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। बंद गले वाले इस कुर्ते के साथ चूड़ीदार पायजामा भी अच्छा लगेगा।

### शोएब इब्राहिम

टीवी के साथ-साथ यूट्यूब की दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने वाले शोएब का एथनिक अंदाज काफी क्लासी रहता है। उनका ये ब्लैक रंग का मिरर वर्क वाला कुर्ता पायजामा देखने में काफी अच्छा लग रहा है। इसके साथ शोएब की तरह ही दुपट्टा जरूर कैरी करें।

### विक्की कौशल

अगर कुछ रॉयल पहनने का सोच रहे हैं तो विक्की कौशल का ये लुक आपके लिए परफेक्ट रहेगा। इसके साथ आप भी विक्की की तरह ही हैवी दुपट्टा या शॉल कैरी करें। गर्मियों में पहनने के लिए अलग तरीके की शॉल आती है, जो आपके लुक को अलग दिखने में मदद करेगी।

### मोहसिन खान

अपनी क्यूटनेस से लोगों का दिल जीतने वाले मोहसिन का एथनिक अंदाज काफी अच्छा रहता है। आप ईद के लिए उनके इस लुक से टिप्स ले सकती हैं।

इसके लिए आपको बस व्हाइट कुर्ते और पायजामे के साथ ब्लू रंग की जैकेट कैरी करनी है।

## ईद के मौके पर हाथों पर सजाएं मेहंदी की बेमिसाल डिजाइंस

ईदुल अजहा के मौके पर अगर हाथों में खूबसूरत मेहंदी लगवाने की ख्वाहिश हर महिला की होती है। यहां गल्फ या अरेबिक मेहंदी डिजाइंस के बारे में आपको जरूर जान लेना चाहिए। यह डिजाइंस भी खास हैं क्योंकि इसमें आपको गल्फ आर्ट देखने को मिल जाएगी, जो इसे अन्यत मेहंदी डिजाइंस से अलग अंदाज देती है।

### गल्फ मेहंदी आर्ट की खासियत

अरब सागर के तट पर स्थित बहरीन, कुवैत, इराक, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों में अरेबिक मेहंदी लगाने का चलन ज्यादा है। इस मेहंदी को भारतीय महिलाएं भी बहुत पसंद करती हैं। हालांकि, अरेबिक मेहंदी के अलावा अब इस क्षेत्र में अन्यइ डिजाइंस को भी पसंद किया जा रहा है। जिसमें इस्लामिक इमारतों के आर्किटेक्ट डिजाइंस को शामिल किया जाता है। मेहंदी आर्टिस्ट की हेंडराइटिंग अच्छी है तो आप उससे हाथों पर मेहंदी के कोन से ईद उल अजहा अंग्रेजी, हिंदी या उर्दू भाषा में लिखवा सकती हैं। इससे आपकी मेहंदी का त्योहार के




लिहाज से महत्व और भी ज्यादा बढ़ जाएगा। इस तरह की मेहंदी पूरी तरह से फेस्टिवल सेंट्रिक हो जाएगी।

### बेल मेहंदी डिजाइन

बेल में आपको कई डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे, लेकिन बकरीद के खास मौके पर आप इस तरह से एक की जगह 2 उंगलियों पर गल्फ डिजाइन वाली मेहंदी आर्ट बनवा सकती हैं। इसमें ज्यादातर फूल और पत्तियों के डिजाइन को पसंद किया जाता है।

## लंबे चेहरे वाली लड़कियां ट्राई करें ट्रेंडी हेयर स्टाइल, दिखेंगी खूबसूरत

अगर आपका फेस लंबा है तो इसके लिए आप यहां बताए गए हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं और परफेक्ट लग सकती हैं।

### ओपन हेयर स्टाइल

कई बार ऐसा होता है कि हम जल्दी में कोई भी हेयर स्टाइल बना लेते हैं। लेकिन अब ऐसे न करें। क्योंकि जो भी आपका फेस कट अगर आप उसके हिसाब से हेयर स्टाइल बनाएंगी तो बिल्कुल अलग नजर आएंगी। ऐसे में अगर आपका फेस लंबा है तो आप ओपन कर्ल हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको बालों को मशीन से कर्ल करना है फिर इन्हें स्प्रे से सेट करना है। ऐसे आपका हेयर स्टाइल बनकर रेडी हो जाएगा। आप चाहे तो हेयर स्टाइल बनाने के बाद फैंसी एक्सेसरीज एड कर सकती हैं।

### स्लीक बन हेयर स्टाइल

स्लीक बन हेयर स्टाइल आजकल हर कोई बनाना पसंद करता है। आप भी इन्हें बना सकती हैं। लंबे फेस वाली लड़कियों पर ये हेयर स्टाइल (ट्राई करें ये 5



हेयरस्टाइल) काफी क्लासी लगते हैं। इसकी खास बात ये होती है इस बन को बनाने के काफी कम समय लगता है। इसके लिए पहले आपको अपने बालों को स्ट्रेट करना है।

### पोनीटेल हेयर स्टाइल

अगर आप क्लासी लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए आप पोनीटेल हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के हेयर स्टाइल (पतले बालों के लिए परफेक्ट हेयर स्टाइल) लंबे फेस वाली लड़कियों पर काफी अच्छे लगते हैं।

कार्नर न्यूज

**कई बार जल्दबाजी तो कई बार अंजाने में हो जाती हैं गलतियां, ध्यान देना जरूरी**

# स्किन केयर से जुड़ी गलतियां हर दिन करते हैं पुरुष, कहीं आप भी इनमें से एक तो नहीं

जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं और ये भी आप उन्हें कैसे ठीक कर सकते हैं।

### हर चीज के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें।

### आपके शेव रूटीन से स्किन में जलन हो सकती है

फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई



देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं। इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। अगर आप इसका प्रयोग करेंगे तो आपको तुरंत फर्क नजर आने लगेगा। हाई क्वालिटी शेव क्रीम का उपयोग करने का मतलब है कम रेडनेस और कम से कम त्वचा में जलन और खुजली। शेविंग के बाद हमेशा एक नैचुरल आफ़्टरशेव का इस्तेमाल जरूर करें। इसमें अल्कोहल नहीं होना चाहिए। इसलिए सबसे बेस्ट का ही चुनाव करें।

### दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

### एसपीएफ का उपयोग न करना



स्किन को ड्राई बनाने के बहुत से कारण हो हैं, लेकिन सूर्य की किरणें इसका सबसे बड़ा कारण है। हमेशा सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल करें। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अपने मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल के बाद इसका प्रयोग करना न भूलें। सन प्रोटेक्शन फैक्टर (एसपीएफ) 15 या इससे अधिक रेटिंग वाला सनस्क्रीन चुनें।

17 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 6/17/2024 9:46 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### जनदर्शन में केबिनेट मंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**बिश्रामपुर।** सोमवार को अटल सेवा भवन भैयाथान में महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जनदर्शन शिविर आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन शिविर में भटगांव विधानसभा क्षेत्र के आमजनों ने लिखित में समस्याएं रखी। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अपने क्षेत्रीय कार्यलय भैयाथान में लोगो के बीच रह कर उनकी समस्याओं को सुना और शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।बताया गया कि जनदर्शन शिविर में 275 आवेदन लिखित में प्राप्त हुए और 61 समस्याएँ मौखिक रूप से सुनाईं गयी जिसमें 115 आवेदनों का तत्काल मौके पर निराकरण किया गया। और शेष का जल्द समाधान करने के लिए संबंधित विभागों को अग्रेषित किया गया ,अधिकांश शिकायत राजस्व से जुड़ी रहीं जिस पर मंत्री ने समस्याएं जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। पुलिस से संबंधित कुछ शिकायतों को उन्होंने अधिकारियों से वार्ता कर हल कर दिया। इसके बाद पेयजल, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, आधार कार्ड आदि समस्याओं को जल्द दूर कराने का उपस्थित ग्रामीणों को आश्वासन दिया , अन्य विषयों पर मौके पर उपस्थित जनपद सीईओ विनय कुमार गुप्ता ,कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार एक्का सहित अन्य अधिकारियों को समस्याओं के अति शीघ्र निदान कर अगले शिविर में रिपोर्ट पेश करने हेतु निर्देशित किया गया।इस अवसर पर भटगांव विधानसभा क्षेत्र के जनमानस के साथ भाजपा मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### जमीन विवाद पर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, काउंटर अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** जमीन विवाद पर सोमवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर काउंटर अपराध दर्ज कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर महावीर कालोनी निवासी प्रार्थी किराना व्यवसाई संजय कुमार झा पिता स्व. वशिष्ठ नारायण झा सोमवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे ग्राम पंचायत सतपता में स्थित ख़सरा नंबर 30/31 में बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य करा रहा था। इस दौरान बिश्रामपुर निवासी कालरी कर्मी प्रशांत रोशन पांडेय पिता स्व.राजेंद्र पांडेय अपने भाई पटवारी आशुतोष पांडेय के साथ मौके पर पहुंचकर उक्त भूमि को अपना बताते हुए निर्माण कार्य को रोकने की बात कहकर संजय झा व भाई अशोक झा पर ईंट व डंडा से हमला कर दिया जिससे प्रार्थी व उसके भाई के सिर, दाएं हाथ में चोट आई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी तरफ़ प्रार्थी प्रशांत रोशन पांडेय पिता स्व.,राजेंद्र पांडेय द्वारा उक्त भूमि पर कमिश्नर कार्यालय अंबिकापुर से स्थगन आदेश जारी होने के बाद भी आरोपी संजय कुमार झा व उसके भाई अशोक झा पिता स्व. वशिष्ठ नारायण झा द्वारा जबरन बाउंड्री वॉल निर्माण कराए जाने तथा निर्माण कार्य रोकने की बात सुनकर आवेश में आते हुए दोनों आरोपी भाइयों द्वारा प्रार्थी प्रशांत रोशन पांडेय व उसके भाई आशुतोष पांडेय पर मारपीट करने व बाइक में तोड़फोड़ किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 427 के तहत मारपीट व सम्पत्ति नष्ट करने का अपराध दर्ज करते हुए विवेचना शुरू की है।

### केशवनगर में विवाहिता को प्रताड़ित करने मामले पति समेत तीन अन्य के विरुद्ध अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने विवाहिता के पति, सास, ससुर, देवर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि विवाहिता शालू मोदनवाल का विवाह फरवरी 2022 में केशवनगर निवासी चंद्रलाल मोदनवाल से सामाजिक रीती रिवाज से हुआ था ,विवाह के कुछ दिन बाद से पति व उसके घर वाले कम दहेज लाई हो कह कर प्रताड़ित करने लगे तथा बाद में पांच लाख रुपये मायके से लाने के लिए दबाव बनाने लगे,रुपए मिलने के बाद ही घर में घुसने देने का दबाव बनाते हुए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा,इस दौरान गत चार मार्च को विवाहिता के साथ मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया गया।विवाहिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति चंद्रलाल मोदनवाल सहित सास ,ससुर व देवर के खिलाफ धारा 498 ए,34 के तहत अपराध दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

## जंगल जलने की घटनाओं में आई कमी

# वनों को आग से बचाने के लिए ग्रामीणों की भागीदारी का प्रयोग हुआ कारगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- पिछले साल की तुलना में आधे से भी कम जले जंगल

वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग द्वारा ग्रामीणों की भागीदारी का प्रयोग इस बार काफी सफल रहा। वनों की सुरक्षा में ग्रामीणों को भागीदार बनाने से इस बार जंगल जलने की घटनाओं में काफी कमी आई है। गर्मी के मौसम में आग लगने से वनों को भारी नुकसान होता है तथा हर साल हजारों एकड़ जंगल तबाह हो जाता है।

कुछ क्षेत्रों के ग्रामीण खुखड़ी, पुटू की लालच में जंगलों में आग लगाते हैं तो वन्य जीवों का शिकार करने के उद्देश्य से शिकारी आग लगाते हैं। महुआ का सीजन शुरू होते ही जंगल जलने की घटनाएं शुरू होती हैं जो जून मध्य तक जारी रहती है। ग्रामीण महुआ फुल एकत्र करने के लिए सूखे पत्तों में आग लगाकर छोड़ देते हैं जिससे वनों में आग फैल जाती है तथा वनस्पतियां झुलसकर नष्ट हो जाती हैं। वनों को आग से बचाने विभाग पिछले कई सालों से जागरूकता अभियान चला रहा है लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। इस बार वन अधिकारियों ने प्रारम्भ में ही वनों को आग से बचाने के लिए सम्बंधित क्षेत्र के ग्रामीणों को भागीदार बनाया साथ ही जंगल में आग लगने पर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने का भी संदेश दिया। वन अधिकारी गांव-गांव तक अपना संदेश पहुंचाने में सफल हुए। इस तकनीक से सकारात्मक प्रभाव पड़ा एवं जंगल जलने की घटनाएं काफी कम हुई। इस बार भी जंगल जलने की घटनाएं हुई लेकिन ग्रामीणों की सजगता के कारण आग को तत्काल बुझाने में भी सफलता मिली। इसका परिणाम हुआ कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार जंगल जलने की घटनाएं आधे से भी कम हुई। विभाग की सख्ती के कारण इस बार मैदानी अमला भी वनों की सुरक्षा को लेकर संवेदनशील बना रहा। वरिष्ठ वन अधिकारियों द्वारा नियमित जंगल जलने की घटनाओं की समीक्षा करने के कारण भी घटनाओं में काफी कमी आई। पिछले साल सरगुजा वनवृत्त के सभी 6 वनमण्डलों में जंगल जलने की 3832 घटनाएं हुई थी जबकि इस साल 1525 घटनाएं हुई है।



### बलरामपुर में सर्वाधिक घटनाएं

वनों की समृद्धि के मामले में बलरामपुर वनमण्डल सबसे आगे है। बलरामपुर में अभी भी बड़े-बड़े घने जंगल हैं। जंगल जलने की घटनाओं में भी बलरामपुर वनमण्डल हमेशा आगे रहा है। यहां हर साल जंगल जलने की सर्वाधिक घटनाएं होती हैं। पिछले साल बलरामपुर वन मण्डल में जंगल जलने की 1111 घटनाएं हुई थी। इस बार भी जंगल जलने के मामले में बलरामपुर वन मण्डल अव्वल है लेकिन घटनाओं में काफी कमी आई है। इस बार बलरामपुर वनमण्डल में जंगल जलने की 423 घटनाएं हुई है। इसी तरह सूरजपुर वन मण्डल में पिछले साल जंगल में आग लगने की 537 घटनाएं हुई थी जो इस बार 211 घटनाओं तक सीमित रही। सरगुजा वन मण्डल में पिछले साल 334 घटनाएं हुई थी वहीं मण्डलों में भी जंगल जलने की घटनाओं में काफी कमी आई है।

### मौसम का भी मिला साथ

जंगल जलने की घटनाओं में कमी आने के पीछे मौसम की मेहरबानी की भी अहम भूमिका रही। इस साल मार्च महीने की शुरूआत से ही पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से बीच-बीच में वर्षा होती रही। बेमौसम बारिश से इस बार महुआ की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ा। फसल भी कम आई। पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से बीच-बीच में वर्षा होने के कारण जंगल जलने की घटनाएं कम हुई। विभिन्न क्षेत्र के जंगलों में हाथियों के मौजूद होने के कारण भी संग्राहक महुआ संग्रहण से दूरी बनाए रहे। इन कारणों से विभाग को प्रकृति का भी साथ मिला।

### सामूहिक प्रयास का प्रतिफल

इस बार जंगल में आग लगने की घटनाओं में काफी कमी आई है। यह वन अधिकारी-कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास का प्रतिफल है। वनों को आग से बचाने के लिए बीटगार्ड से लेकर सभी वन मंडल अधिकारियों ने कड़ी मेहनत की है।

-वी मातेश्वरन
ससीएफ, सरगुजा

# गंगा दशहरा के अवसर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- एक साथ हजारों दीया से जगमगा उठा कनहर नदी

ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पावन पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया। गंगा दशहरा के अवसर पर नगर के मां महामाया मंदिर के समीप कनहर नदी छठ घाट में आरती करने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

गंगा आरती में नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल, सुभाष जायसवाल, आरके पटेल, अशोक जायसवाल, शैलेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मिलित हुए। गंगा दशहरा के साथ मां गायत्री जयंती भी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि गंगा दशहरा के अवसर पर उमड़े जन सैलाब इस बात का परिचायक है कि कन्हर नदी से आप सब का गहरा लगाव एवं आस्था है। यह नदी हम सबके लिए गंगा के सदृश्य है। जिस प्रकार मां गंगा उत्तर में बहती है उसी प्रकार कन्हर भी उत्तर दिशा में बहती है। कनहर नदी का पानी उत्तर प्रदेश में सोन नदी में मिलता है और सोन नदी में जाकर गंगा में मिलती है। जिस प्रकार नगर को साफ सुथरा रखने में नगरवासी सहभागी बनते हैं उसी प्रकार से कनहर नदी को भी साफ सुथरा रखने में सबकी सहभागिता महत्वपूर्ण है। गंगा दशहरा आयोजन समिति के प्रमुख विकास दुबे ने कहा कि नगर में गंगा दशहरा का आयोजन होते आ रहा है साल दर साल आयोजन की भव्यता नगर वासियों के सहयोग से बढ़ते जा रही है आने वाले समय में गंगा दशहरा को और भव्य स्वरूप दिया जाएगा। गंगा दशहरा आयोजन में सम्मिलित होने बड़ी संख्या में महिलाएं छठ घाट पहुंची थी। महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना के लिए दिया भी लाया गया था जब आरती के पश्चात नदी में दीप प्रज्वलन हुआ तो एक साथ हजारों दिया से पूरा छठ घाट जगमगा उठा। गंगा दशहरा एवं मां गायत्री जयंती के अवसर पर विधि विधान से नगर पुजारी नंदू पांडे के नेतृत्व में महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी जितेंद्र पांडे, शिव मंदिर के पुजारी श्याम कुशल पांडे, दामोदर मिश्रा, विनय पांडे सहित अन्य पुजारी के दल ने विधि विधान से शंख ध्वनि के बीच गंगा दशहरा एवं मां गायत्री जयंती पर अनुष्ठान पूर्ण कराया। इस दौरान सुभाष केसरी, सुनील गुप्ता, अजय गुप्ता, मुकेश जायसवाल, प्रमोद कश्यप, विजय रावत, धर्म प्रकाश केशरी, आशीष गुप्ता, अंकित गुप्ता,अमित गुप्ता, महेश अग्रवाल, पवन गुप्ता, निशांत गुप्ता, विनोद केसरी सहित बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

# रौनियार समाज कल्याण समिति छत्तीसगढ़ का शपथ ग्रहण

- सलका अधिना के मोक्ष नारायण गुप्ता बने जिलाध्यक्ष

**सलका अधिना।** रौनियार बंधुओं के समक्ष रौनियार समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। रौनियार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने मोबाइल से समाज के कार्यक्रम में शामिल रौनियार बंधुओं को संबोधित किया। साथ ही रौनियार समाज के गठन का दायित्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, निर्वाचन अधिकारी तथा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपते हुए कार्यक्रम आगे जारी रखने की अनुमति प्रदान की।

इस अवसर पर दूर-दूर से आए समाज के वरिष्ठ का औपचारिक स्वागत सम्मान के साथ कार्यक्रम शुरू किया गया। सलका से आए मोक्ष नारायण गुप्ता ने कहा कि 1983 से रौनियार समाज से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि सर्वसम्मति से अध्यक्ष का चुनाव किया जाए। वहीं निर्वाचन अधिकारी आईपी गुप्ता ने निर्वाचन की प्रक्रिया के बीच मतभेद की वजह पदलोलुपता और अति महत्वाकांक्षा को बताया। जहां सभी ने उनकी भूमिका पर उनकी सराहना की। इस अवसर पर गिरीश गुप्ता,अशोक गुप्ता, गोपाल गुप्ता ने भी सभा को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने सूरजपुर जिला रौनियार समाज के जिलाध्यक्ष के रूप में मोक्ष नारायण गुप्ता के नाम की घोषणा किया। अंबिकापुर के होटल में शपथ ग्रहण समारोह का यह कार्यक्रम लगातार चार घंटे तक जारी रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश सचिव मनोहर गुप्ता एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में जशपुर जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, सरगुजा जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, पचकौड़ी प्रसाद गुप्ता, जगन्नाथ गुप्ता, अजय गुप्ता, भागवत गुप्ता, संजय गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, प्रदुमन गुप्ता, जवाहर गुप्ता, सतीश गुप्ता, बसंत गुप्ता, निलेश गुप्ता, गौतम गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



### सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने पर कार्रवाई

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने सार्वजनिक स्थल शराब पीने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक आरोपी के पास से अवैध शराब जब्त किया गया है। गांधीनगर पुलिस ने भगवानपुर शराब भट्ठी रोड के समीप सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले में गांधीनगर पटपरिया व मूलतः बगीचा बासेन निवासी 29 वर्षीय एड्रियन राजेंद्र तिग्गा, डांड़गांव मनोरा निवासी 27 वर्षीय भूपेंद्र भगत, व सकालो निवासी जीवन प्रकाश को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 36(च) (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं चौकी रघुनाथपुर पुलिस टीम द्वारा दर्रीडीह सिंह ढाबा के सामने कार्रवाई करते हुए चेंद्रा सुमेरपुर निवासी 35 वर्षीय संजय पटेल को 4 पाव अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# रुनियाडीह में शाला स्वच्छता अभियान में कलेक्टर ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



शाला प्रवेश उत्सव के पूर्व जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर सोमवार को क्षेत्र के सभी शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में शाला स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। शाला स्वच्छता अभियान में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, स्कूली शिक्षक, विद्यार्थियों के पालक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की दीदियों, ग्रामवासी व अन्य द्वारा स्वप्रेरणा से श्रमदान का कार्य किया गया।

इसी तारतम्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में सूरजपुर कलेक्टर रोहित व्यास व अन्य ने श्रमदान कर शाला को स्वच्छ बनाने का कार्य किया। विद्यालय परिसर के अंदर कचरों का पृथककरण किया गया, जिसमें पेड़ एवं पौधों से गिरे सूखे पत्तों को अलग से एकत्र कर उसे नापेड में डाला गया ताकि उससे निर्मित खाद का उपयोग परिसर के पौधों में खाद के रूप मे किया जा सके। विद्यालय के छत की सफाई भी की गई ताकि बरसाती पानी का ठहराव छत में ना हो। साथ ही सभी के सहयोग से स्कूल के प्रत्येक कक्ष की सफाई की गई। इस दौरान कलेक्टर एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया गया व उपस्थित जनों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर यहां जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण जायसवाल, प्रधान पाठक सीमांचल त्रिपाठी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू द्वारा बतरा के शासकीय विद्यालय में शाला स्वच्छता अभियान में श्रमदान के माध्यम से योगदान दिया गया।

### शिवनंदनपुर व जयनगर में मना शाला स्वच्छता त्यौहार


कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर शाला स्वच्छता अभियान अन्तर्गत संकुल कन्या बिश्रामपुर तथा जयनगर अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में शाला भवन, छत, विद्यालय परिसर में उगे घास-फूस तथा शौचालय की साफ-सफाई एवं रैन वाटर हार्वेस्टिंग सफाई का कार्य श्रमदान के माध्यम से कर स्वच्छता संबंधी शपथ ली गई।

### श्रमदान कर की गई स्कूल की साफ-सफाई



**भैयाथान।** शासकीय उमावि भैयाथान में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमती लूसिया पन्ना के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम प्रभारी रज्जाक अंसारी ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार स्वच्छता श्रमदान में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ठाकुर प्रसाद रजवाड़े, शैलेंद्र प्रसाद गुप्ता, सावन गोयल, श्रीमती नेहा तिवारी, अमन प्रताप सिंह, अभय गुप्ता, आयुष गोयल, अभिषेक गुप्ता और संस्था के कर्मचारी संकुल समन्वयक राम यादव, सेबेस्टियन एक्का, अरुणिमा कुजूर, चंद्रधर चतुर्वेदी, अजय सिंह, अर्जुन भूमिया, अंजली लकड़ा, शुभांजलि कच्छप, शैलेश द्विवेदी, रामशरण मिश्रा, अकाक्षा मिश्रा, प्रभा टोप्पो, पूनम सिंह उपस्थित रहे। सभी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि ने शाला प्रांगण में झाड़ू लगाकर स्वच्छता श्रमदान करने का संदेश दिया।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**रामानुजनगर।** शासकीय उमावि में प्राचार्य पीसी सोनी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नया शिक्षा सत्र के प्रारंभ से पहले विद्यालय प्रांगण एवं सम्पूर्ण विद्यालय में साफ सफाई कर कचरे का निदान किया गया। पाउच, पन्नी, पॉलीथिन को आग लगाकर नष्ट किया गया। संस्था के स्टाफ द्वारा प्रांगण की साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। इस दौरान व्याख्याता दिलीप कुमार शर्मा, गोपाल सिंह, सुनील गुप्ता, प्रधानपाठक प्रकाश जोल्हे, शिक्षक बिहारी लाल साहू, व्यायाम शिक्षक मनमोहन प्रसाद, प्रयोगशाला सहायक श्याम सिंह, बंसी लाल, अम्बे,कामता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मनाया गया आस्था का पर्व गंगा दशहरा



**लखनपुर।** सदियों पुरानी परम्परा को कायम रखते हुए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में रविवार को गंगा दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन मां गंगा धरती पर अवतरित हुई थी। राजा भगीरथ ने कठिन तपस्या कर अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए मां गंगा को स्वर्ग से धरती पर उतारा था। गंगा तीर्थ में स्नान करने से पापों का नाश होता है तथा शुभ फलों की प्राप्ति होती है। जीवन में चल रहे परेशानियों से छुटकारा मिलता है। इस दिन गंगा के दर्शन मात्र से जीवों को कष्टों से मुक्ति मिलती है। दान करने से जीवन में किसी भी चीज की कमी नहीं होती। रविवार को परम्परानुसार नगर के प्राचीन दशहरा तालाब में गंगा दशहरा मनाया गया। बैगा द्वारा पूजा उपरांत गंगा दशहरा के दिन नौनिहालों की कटी नाभि, शादी में प्रयुक्त वर के मुकुट, कलश, चौल मुंडन संस्कार में कांटे गये बाल, वर्षभर पूजा अनुष्ठान के बचे अवशेष इत्यादि का विसर्जन किया गया।

### गंगा दशहरा पर ली जल स्त्रोतों के संरक्षण की शपथ, की गई गंगा आरती



**अम्बिकापुर।** आर्ट ऑफ लिविंग के साधकों ने रविवार को सुबह 5.15 बजे मैरिन ड्राइव तालाब के किनारे गंगा दशहरा का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर गंगा की आरती की गई। उपस्थित लोगों ने जल स्त्रोतों के संरक्षण, जल संवर्धन, भूमिगत जल का सही उपयोग करने एवं इस संबंध में लोगों को जागरूक करने की शपथ ली इस दौरान हरिकृष्ण सोनी, आशीष विनाय सुरभि, श्रीमती ममता तिवारी, जयंत सहित अन्य साधक उपस्थित थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# कार्यशाला में व्यावसायियों को दी गई ट्रांसपोर्ट नियमों की जानकारी




**अम्बिकापुर।** जीएसटी विभाग द्वारा ई-वे बिल के नियमों में बदलाव को लेकर अंदर एक स्थान से दूसरे स्थान पर माल परिवहन करने पर ई-वेबिल की आवश्यकता नहीं होती थी लेकिन अब किसी भी स्थान पर कोई भी वस्तु 50 हजार रूपए से अधिक राशि के माल को ले जाने में कैट, चेंबर ऑफ कॉमर्स तथा ट्रांसपोर्ट संघ के प्रदेश संगठन ने वाणिज्य मंत्री ओपी चौधरी से मिलकर यथास्थिति बनाए रखने का आग्रह किया था तथा नियम को इज ऑफ डूइंग व्यापार के विरूद्ध बताया था इस नियम से ट्रांसपोर्ट संघ एवं व्यापारी संघ के साथ बैठक कर समस्याओं के संबंध में सुझाव लेकर निराकरण करने तथा नये नियम की भ्रांति को दूर करने का आश्वासन दिया था।

जीएसटी के संभागीय संयुक्त उपायुक्त श्रीमती याचना तांब्रे, सहायक आयुक्त श्रीमती मीना मिश्रा, मदन राम बड़ा, सहायक आयुक्त बिलासपुर श्रीमती निलमणी टोप्पो ने कैट एवं ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष रविन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित किया। कार्यशाला में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी, कर सलाहकार व चार्टर्ड अकाउंटेन्ट शामिल हुए। कार्यशाला में सहायक आयुक्त श्रीमती मिश्रा ने कहा कि नये नियम से किसी ट्रांसपोर्टर को परेशानी नहीं होगी। आपको एक स्थान से दूसरे स्थान पर माल भेजते समय ई-वेबिल जारी करना है। इसका उद्देश्य है कि व्यापारी सुगमता से व्यापार करें और टैक्स लिकेज को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि गोदाम से दुकान में माल परिवहन करने पर ई-वे बिल जारी करने की आवश्यकता नहीं है। चालान काट माल भेजा जा सकता है। श्रीमती तांब्रे ने कहा कि नये नियम सभी के हित में है तथा इससे किसी को परेशानी नहीं होगी। व्यापार की सुगमता टैक्स चोरी को रोकने एवं भय के वातावरण को समाप्त करने के लिए यह प्रावधान लागू किया गया है। कर सलाहकार अभिषेक शर्मा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रदेश अपने संसाधनों से आर्थिक रूप से मजबूत हो और राज्य की जीडीपी को तेजी से बढ़ाया जा सके। नये नियम से अफसरशाही व अवैध कारोबार को रोका जाएगा। रविन्द्र तिवारी ने कहा कि देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए नियमों में संशोधन किया जा रहा है। जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा दायित्व है कि नये प्रावधानों में अपनी सहभागिता करें। इस नियम को लागू कराने में किसी भी व्यवसायी को बेवजह परेशान न किया जाए। कार्यशाला को कर सलाहकार प्रवीण मित्तल एवं सीए पंकज अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान सीए शरद अग्रवाल, काके सैनी, आयुष अग्रवाल, सतीश अग्रवाल पुरूषोत्तम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर उपस्थित थे।




| Ambikapur To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airpor / Banaras / Bhilai | 4999 | 7999 | 2999 |
| Bilaspur / Korba/ Anuppur | 2999 | 4999 | 1999 |
| Jabalpur / Rewa Prayagraj / Satna | 7999 | 11999 | 4999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से

21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी,श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411